राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को मिला रियल एस्टेट का राष्ट्रीय अवार्ड

चर्चा में क्यों?

26 अप्रैल, 2023 को केंद्र सरकार की एजेंसी नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (NAREDCO) ने राजस्थान आवासन मंडल को रियल एस्टेट का राष्ट्रीय अवार्ड प्रदान किया।

प्रमुख बिंदु

- नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन बंदेलकर और रेरा दिल्ली के चेयरमैन और वरिष्ठ आईएएस आनंद कुमार ने एक राष्ट्रीय स्तर के समारोह में राजस्थान आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को इस सम्मान से नवाज़ा।
- राजस्थान आवासन मंडल को देश में सर्वाधिक हाउसिंग प्रोजेक्टस रेरा में रजिस्टर्ड करने, सर्वाधिक आवास विक्रय करने और रियल एस्टेट के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिये इस महत्त्वपूर्ण सम्मान से नवाजा गया।
- विदित है कि मंडल को यह पुरस्कार केंद्रीय आवासन मंत्री हरदीप पुरी द्वारा दिया जाना था, लेकिन प्रधानमंत्री की समीक्षा बैठक के चलते वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।
- इससे पहले समारोह में 'रियल एस्टेट इन द एरा ऑफ रेरा' विषय के पैनल डिस्किशन के लिये राजस्थान आवासन आयुक्त को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। इसी मंच पर आवासन आयुक्त को सम्मानित भी किया गया।
- आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने इस मौके पर कहा कि आवासों में रेरा रजिस्ट्रेशन आईएसआई मार्का की तरह काम करता है। उन्होंने कहा कि रेरा आमजन और खरीददार में डेवलपर और बिल्डर के प्रति भरोसा बढ़ाता है और तय समयावधि में बेहतरीन गुणवत्ता के साथ आवास उपलब्ध कराने की सुनिश्चितता लाता है।
- आवासन आयुक्त ने कहा कि 101 प्रोजेक्ट रेरा नंबर रजिस्टर्ड करवाने वाली सबसे बड़ी संस्था राजस्थान आवासन मंडल बन गया है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर सरकारी एजेंसियाँ रेरा रजिस्ट्रेशन से बचती हैं, लेकिन मंडल ने ग्राहकों के विश्वास की खातिर सभी प्रोजेक्ट को रेरा में रजिस्टर्ड करवाया है।
- गौरतलब है कि आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की अगुवाई में पिछले चार वर्षों में मंडल को कुल 15 अवार्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, स्कॉच अवार्ड-2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेंसी, नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आई.बी.सी. और 'स्टार ऑफ गवर्नेंस-गोल्ड अवार्ड' जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-housing-board-got-national-award-for-real-estate